रजिस्ट्री सं. डी.एल.–33002/99 भारत सरकार REGISTERED No. D.L.-33002/99

GOVERNMENT OF INDIA

दिल्ली राजपत्र

सत्यमेव जयते

Delhi Gazette

असाधारण

EXTRAORDINARY

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 107] दिल्ली, बुधवार, मई 16, 2018/वैशाख 26, 1940 [रा.रा.रा.क्षे.दि. सं. 521

No. 107] DELHI, WEDNESDAY, MAY 16, 2018/VAISAKHA 26, 1940 [N.C.T.D. No. 521

भाग—IV

PART—IV

राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र, दिल्ली सरकार

GOVERNMENT OF THE NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI

समाज कल्याण विभाग

अधिसूचना

दिनांक,15 मई, 2018

संख्या फा0 82/1153/आरपीडब्ल्यूडी एक्ट 2016/एडी–III/डीएसडब्ल्यू/2017/4520– दिल्ली विकलांगजन अधिकार नियमों का निम्नांकित मसौदा, जो भारत सरकार, गृह मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना संख्या एसओ 3870(ई) दिनांक 12 दिसंबर, 2017 के साथ पठित विकलांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (2016 का 49) की धारा 101 द्वारा प्रदत्त अधिकारों का इस्तेमाल करते हुए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार बनाना चाहती है, एतद् द्वारा उन सभी व्यक्तियों की जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है, जिनके इससे प्रभावित होने की संभावना है तथा एतद् द्वारा यह सूचना दी जाती है कि उक्त मसौदा नियमों पर इस अधिसूचना के प्रकाशन से सम्बद्ध सरकारी राजपत्र की प्रतियां आम लोगों को उपलब्ध होने की तारीख से 30 दिन की अवधि समाप्त होने के बाद विचार किया जाएगा।

इन नियमों के बारे में आपत्तियां और सुझाव, यदि कोई हों, उप–निदेशक (विकलांगता), कमरा नंबर 8, प्रशासनिक ब्लॉक, समाज कल्याण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी राज्य क्षेत्र, दिल्ली सरकार, जीएलएनएस कॉम्प्लैक्स, दिल्ली गेट, नई दिल्ली – 110002 के पते पर भेजे जा सकते हैं, अथवा dddisabsw.delhi@gov.in पर ईमेल किए जा सकते हैं।

किसी व्यक्ति से उक्त मसौदा नियमों के बारे में उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि समाप्त होने से पहले प्राप्त होने वाली आपत्तियां और सुझावों पर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा विचार किया जाएगा।

मसौदा नियम

अध्याय–1

प्रारंभिक

1. **संक्षिप्त शीर्षक प्रारंभ** – (1) इन नियमों को दिल्ली विकलांगजन अधिकार नियम, 2018 कहा जाएगा।
(2) ये नियम सरकारी राजपत्र में अंतिम रूप से प्रकाशित होने की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. **परिभाषाएं** : (1) इन नियमों में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो, –

(क) ''अधिनियम'' का अर्थ होगा, दिल्ली विकलांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 (2016 का 49);

(ख) ''प्रमाणपत्र'' का अर्थ होगा, अधिनियम की धारा 57 की उप–धारा(1) में वर्णित प्रमाणन प्राधिकारी द्वारा जारी विकलांगता प्रमाणपत्र;

(ग) ''पंजीकरण प्रमाणपत्र'' का अर्थ होगा, अधिनियम की धारा 50 के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी पंजीकरण प्रमाणपत्र;

(घ) ''प्रपत्र'' का अर्थ है, इन नियमों के साथ संलग्न प्रपत्र; और

(ङ) ''धारा'' का अर्थ है, इस अधिनियम की धारा।

(2) ऐसे शब्द और अभिव्यक्तियां, जिन्हें यहां परिभाषित नहीं किया गया है परंतु अधिनियम में परिभाषित किया गया है, उनका क्रमशः वही अर्थ होगा, जो अधिनियम में उनके लिए नियत किया गया है।

अध्याय–2

अधिकार और पात्रताएं

3. **प्रतिष्ठान विकलांगता के आधार पर कोई भेदभाव नहीं करेगा**– (1) प्रतिष्ठान का प्रमुख यह सुनिश्चित करेगा कि अधिनियम की धारा 3 की उप–धारा (3) के प्रावधान का दुरुपयोग इस अधिनियम के अंतर्गत कवर की गई विकलांगताओं से सम्बद्ध व्यक्तियों को अधिकार या लाभ देने से इनकार किए जाने के लिए न किया जाए।

(2) यदि किसी सरकारी प्रतिष्ठान अथवा 20 या अधिक व्यक्तियों को रोजगार देने वाले निजी प्रतिष्ठान के प्रमुख को विकलांगता के आधार पर भेदभाव के बारे में किसी पीड़ित व्यक्ति से कोई शिकायत प्राप्त होती है, तो वह –

(क) इस अधिनियम के प्रावधानों के अनुसार कार्रवाई प्रारंभ करेगा; अथवा

(ख) पीड़ित व्यक्ति को लिखित में सूचित करेगा कि विवादित कार्य या चूक किसी वैध लक्ष्य को हासिल करने के साधन के रूप मेंकितनी यथोचित है।

(3) यदि पीड़ित व्यक्ति विकलांगजन से सम्बद्ध राज्य आयुक्त से कोई शिकायत करता है, तो शिकायत का निपटान 60 दिन के भीतर किया जाएगा :

परंतु, असाधारण मामलों में राज्य आयुक्त ऐसी शिकायतों का निपटान 30 दिन के भीतर कर सकता है।

(4) कोई प्रतिष्ठान किसी विकलांग व्यक्ति को युक्तिसंगत आवास के लिए किए गए खर्च का आंशिक अथवा पूर्ण भुगतान करने के लिए बाध्य नहीं करेगा।

4. **विकलांगता संबंधी अनुसंधान के लिए राज्य समिति**– (1) राज्य स्तर पर विकलांगता संबंधी अनुसंधान समिति में निम्नांकित सदस्य शामिल होंगे, अर्थात् :

(क) विज्ञान और चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में व्यापक अनुभव रखने वाला कोई वरिष्ठ व्यक्ति, जिसे राज्य सरकार द्वारा पदेन नामित किया जाएगा – अध्यक्ष,

(ख) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार की स्वास्थ्य सेवाओं का निदेशक –सदस्य;

(ग) किसी पंजीकृत राज्य स्तरीय संगठन से 5 सदस्य, जो अधिनियम की अनुसूची में निर्दिष्ट 5 विकलांगता समूहों का प्रतिनिधित्व करते हों, जिन्हें राज्य सरकार द्वारा मनोनीत किया जाएगा – सदस्य;

परंतु, पंजीकृत संगठनों के प्रतिनिधियों में से कम से कम एक महिला होना अनिवार्य होगा; और

(घ) राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग का निदेशक –सदस्य सचिव;

(2) अध्यक्ष किसी विशेषज्ञ को विशेष आमंत्रित के रूप में आमंत्रित कर सकता है।

(3) मनोनीत सदस्यों का कार्यकाल पदभार ग्रहण करने की तारीख से 3 वर्ष के लिए होगा, परंतु, मनोनीत सदस्य एक से अधिक बार मनोनीत किए जाने के पात्र होंगे।

(4) बैठक के लिए आधे सदस्यों की उपस्थिति को कोरम माना जाएगा।

(5) गैर–सरकारी सदस्य और विशेष आमंत्रित सदस्य यात्रा भत्ते और महंगाई भत्ते के लिए पात्र होंगे, जो राज्य सरकार के समूह 'क' या समकक्ष अधिकारी के लिए स्वीकार्य भत्तों के अनुरूप होंगे।

(6) समिति को ऐसा लिपिकीय और अन्य स्टाफ उपलब्ध कराया जाएगा, जो राज्य सरकार उचित समझेगी।

5. **विकलांग व्यक्ति को अनुसंधान का विषय नहीं बनाया जाएगा**– किसी विकलांग व्यक्ति को, तब के सिवाय जबकि सम्बद्ध अनुसंधान का उसके शरीर पर भौतिक प्रभाव पड़ने जा रहा हो, अनुसंधान का विषय नहीं समझा जाएगा।

6. **कार्यकारी मजिस्ट्रेट द्वारा अनुपालन की जाने वाली प्रक्रिया**– अधिनियम की धारा 7 के अंतर्गत शिकायतों से निपटने के प्रयोजनों के लिए, कार्यकारी महिस्ट्रेट अपराध प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 2) की धाराओं 133 से 143 में प्रदत्त प्रक्रिया का अनुपालन करेगा।

अध्याय – 3

सीमित संरक्षकता

7. **सीमित संरक्षता** – (1) कोई जिला अदालत अथवा राज्य सरकार द्वारा स्वयं अपनी ओर से या किसी विकलांगजन द्वारा स्वयं या किसी पंजीकृत संगठन अथवा किसी सगे संबंधी द्वारा उसकी ओर से दाखिल की गई अर्जी पर निर्दिष्ट प्राधिकारी किसी विकलांगजन को सीमित संरक्षकता मंजूर करेगा ताकि वह विकलांगजन की ओर से कानूनी रूप में अनिवार्य निर्णय कर सके।

(2) जिला अदालत या निर्दिष्ट प्राधिकारी विकलांगजन के लिए सीमित संरक्षकता प्रदान करने से पहले स्वयं को इस बात से संतुष्ट करेगा कि विकलांगजन स्वयं के लिए कानूनी रूप में अनिवार्य निर्णय करने की स्थिति में नहीं है।

(3) जिला अदालत अथवा निर्दिष्ट प्राधिकारी सीमित संरक्षकता मंजूर करने संबंधी आवेदन प्राप्त होने की तारीख अथवा सीमित संरक्षकता की आवश्यकता की जानकारी प्राप्त होने की तारीख से एक महीने के भीतर निर्णय करेगा :

परंतु, ऐसी सीमित संरक्षकता मंजूर करने से पहले उस व्यक्ति की सहमति ली जाएगी, जिसे सीमित संरक्षकता प्रदान की जानी हो।

(4) उप–नियम (1) के अंतर्गत नियुक्त सीमित संरक्षक की वैधता अवधि प्रारंभ में 5 वर्ष के लिए होगी, जिसे जिला अदालत द्वारा आगे बढ़ाया जा सकता है :

परंतु, जिला अदालतसीमित संरक्षकता की वैधता बढ़ाते समय उसी प्रक्रिया का अनुपालन करेगी, जो प्रारंभ में संरक्षकता प्रदान करने के लिए अपनाई गई थी।

(5) उक्त सीमित संरक्षकता मंजूर करते समय अदालत निम्नांकित वरीयता क्रम में सीमित संरक्षक नियुक्त करने के लिए उपयुक्त व्यक्ति पर विचार करेगी :–

(क) विकलांग व्यक्ति के माता पिता या वयस्क बच्चे; (ख) सगा भाई या बहन; और (ग) अन्य सगा संबंधी अथवा देखभाल करने वाला समुदाय का प्रमुख व्यक्ति।

(6) केवल ऐसे व्यक्ति को सीमित संरक्षक नियुक्त किया जाएगा, जिसकी आयु 18 वर्ष से अधिक हो और जिसे पूर्व में अपराध प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 1) में परिभाषित किसी संज्ञेय अपराध का दोषी न ठहराया गया हो।

(7) उप–नियम (1) के अंतर्गत नियुक्त सीमित संरक्षक विकलांगजन की ओर से कानूनी रूप में बाध्य कोई भी निर्णय करने से पहले सभी मामलों में सम्बद्ध विकलांगजन के साथ सलाह मशविरा करेगा।

(8) नियुक्त सीमित संरक्षक यह सुनिश्चित करेगा कि विकलांगजन की ओर से किए गए कानूनी रूप में बाध्य निर्णय उक्त विकलांग व्यक्ति के हित में होने चाहिए।

8. **अपील प्राधिकारी** –नियम 7 के उपनियम (1) के अंतर्गत सीमित संरक्षक की नियुक्ति संबंधी जिला अदालत के किसी भी निर्णय के खिलाफ अपील के लिए अपील प्राधिकारी उच्च न्यायालय होगा।

9. **निर्दिष्ट प्राधिकरण** – अधिनियम की धारा 15 की उपधारा (1) के अंतर्गत दिल्ली विधि सेवा प्राधिकरण निर्दिष्ट प्राधिकरण होगा, जो विकलांगजनों को उनके कानूनी अधिकारों को हासिल करने में सहायता करने के लिए सामाजिक जागरूकता पैदा करने के उपाय करेगा।

अध्याय – 4

जिला शिक्षा कार्यालय में नोडल अधिकारी

10. विकलांगताओं से सम्बद्ध बच्चों के दाखिलों से सम्बद्ध सभी मामलों और अधिनियम की धाराओं 16 और 31 के प्रावधानों के अनुरूप स्कूलों में प्रदान की जाने वाली सुविधाओं से संबंधित मामलों से निपटने के लिए जिला शिक्षा कार्यालय में एक नोडल अधिकारी की व्यवस्था होगी।

11. **शैक्षिक संस्थानों को मान्यता प्रदान करने की कार्यशर्तें**–राज्य में सक्षम प्राधिकारी द्वारा शैक्षिक संस्थानों को मान्यता प्रदान करने संबंधी कार्यशर्तों में इस अधिनियम की धारा 16 के प्रावधानों का अनुपालन शामिल है।

अध्याय – 5

बेंचमार्क विकलांगताओं से सम्बद्ध व्यक्तियों के लिए रोजगार और रिक्तियां

12. **समान अवसर नीति के प्रकाशन का तरीका** – (1) प्रत्येक प्रतिष्ठान विकलांगजनों के लिए समान अवसर नीति प्रकाशित करेगा।

(2) प्रतिष्ठान समान अवसर नीति को प्रदर्शित करेगा, जिसमें वेबसाइट पर प्रदर्शन को वरीयता दी जाएगी, अन्यथा अपने परिसरों के भीतर स्पष्ट नजर आने वाले स्थानों पर उसे प्रदर्शित करेगा।

(3) 20 या अधिक कर्मचारियों वाले किसी निजी प्रतिष्ठान और सरकारी प्रतिष्ठानों की समान अवसर नीति में अन्य बातों के अलावा निम्नांकित को शामिल किया जाएगा, अर्थात्

(क) विकलांगजनों को प्रदान की जाने वाली सुविधाएं और लाभ ताकि वे प्रतिष्ठान में अपने कर्तव्यों का कारगर ढंग से निर्वाह कर सके;

(ख) प्रतिष्ठान में विकलांगजनों के लिए उपयुक्त के रूप में पहचान किए गए पदों की सूची।

(ग) विकलांगजनों के लिए विभिन्न पदों के चयन का तरीका, भर्ती परवर्ती और पदोन्नति–पूर्व प्रशिक्षण, स्थानांतरण और नियुक्ति में वरीयता, विशेष अवकाश, आवास सुविधा, यदि कोई हो, के आवंटन में प्राथमिकता, और अन्य सुविधाएं;

(घ) सहायक उपकरणों के लिए प्रावधान, बाधामुक्त पहुंच और विकलांगजनों से संबंधित अन्य प्रावधान;

(ङ) प्रतिष्ठान द्वारा संपर्क अधिकारी की नियुक्ति, जो विकलांगजनों की भर्ती और ऐसे कर्मचारियों के लिए सुविधाओं एवं लाभों के प्रावधानों की देखरेख करे।

(4) 20 से कम कर्मचारियों वाले निजी प्रतिष्ठान की समान अवसर नीति में विकलांगजनों को प्रदान की जाने वाली सुविधाएं एवं लाभ शामिल किए जाएंगे, ताकि वे प्रतिष्ठान में अपने कर्तव्यों का कारगर ढंग से निर्वहन कर सकें।

13. **प्रतिष्ठानों द्वारा रिकॉर्ड रखने का स्वरूप और तरीका** – (1) नियम 12 के उपनियम 3 के अंतर्गत कवर होने वाला प्रत्येक प्रतिष्ठान निम्नांकित ब्यौरों का रिकॉर्ड रखेगा,अर्थात्–

(क) नियोजित विकलांगजनों की संख्या और तारीख, जिससे वे नियोजित हैं;

(ख) विकलांगजनों का नाम, लिंग और पता;

(ग) ऐसे व्यक्तियों की विकलांगता का स्वरूप;

(घ) नियोजित विकलांग व्यक्तियों द्वारा किए जा रहे कार्य का स्वरूप; और

(ङ) ऐसे विकलांगजनों को प्रदान की जाने वाली सुविधाओं का प्रकार।

(2) प्रत्येक प्रतिष्ठान इन नियमों के अंतर्गत रखे गए रिकार्डों की जिला स्तरीय विकलांगता समिति द्वारा मांग किए जाने पर निरीक्षण की व्यवस्था करेगा और वह सभी जानकारी उपलब्ध कराएगा, जो यह जानने के प्रयोजन के लिए अपेक्षित होगी कि इन प्रावधानों का अनुपालन किया जा रहा है।

14. **सरकारी प्रतिष्ठानों द्वारा शिकायत रजिस्टर के रख–रखाव का तरीका** – (1) प्रत्येक सरकारी प्रतिष्ठान कम से कम राजपत्रित रैंक के एक अधिकारी को शिकायत निवारण अधिकारी नियुक्त करेगा :

परंतु, जहां कहीं, राजपत्रित अधिकारी नियुक्त करना संभव न हो, सरकारी प्रतिष्ठान सबसे वरिष्ठ अधिकारी को शिकायत निवारण अधिकारी के रूप में नियुक्त करेगा।

(2) शिकायत निवारण अधिकारी विकलांगजनों की शिकायतें दर्ज करने के लिए एक रजिस्टर रखेगा, जिसमें निम्नांकित ब्यौरा शामिल होगा, अर्थात

(क) शिकायत की तारीख;

(ख) शिकायतकर्ता का नाम;

(ग) शिकायत की जांच करने वाले अधिकारी का नाम;

(घ) घटना का स्थान;

(ङ) उस व्यक्ति का नाम, जिसके खिलाफ शिकायत दर्ज की गई है;

(च) शिकायत का सार;

(छ) दस्तावेजी साक्ष्य, यदि कोई हो;

(ज) शिकायत निवारण अधिकारी द्वारा निपटारा किए जाने की तारीख;

(झ) जिला स्तरीय समिति द्वारा अपील के निपटान का ब्यौरा, और कोई अन्य जानकारी

15. **रिक्तियों की गणना**– (1) रिक्तियों की गणना के प्रयोजन के लिएसमुचित सरकार द्वारा **पदों के प्रत्येक समूह में** संवर्ग संख्या में पहचान किए गए और पहचान न किए गए पदों में खाली होने वाले पदों सहित कुल रिक्तियों की संख्या के 4 प्रतिशतपद बेंचमार्क विकलांगताओं से सम्बद्ध व्यक्तियों के लिए गणना में लिए जाएंगे।

परंतु, पदोन्नतियों में आरक्षण समुचित सरकार द्वारा समय समय पर जारी अनुदेशों के अनुसार दिया जाएगा।

(2) प्रत्येक सरकारी प्रतिष्ठान समुचित सरकार द्वारा समय समय पर जारी अनुदेशों के अनुसार कुल संवर्ग संख्या में बेंचमार्क विकलांगताओं से सम्बद्ध विकलांगजनों के लिए रिक्तियों की गणना के प्रयोजन के लिए एक रिक्ति आधारित रोस्टर कायम करेगा।

(3) अधिनियम की धारा 34 के प्रवधानों के अनुसार रिक्तियां भरने के लिए विज्ञापन देते समय, प्रत्येक सरकारी प्रतिष्ठान बेंचमार्क विकलांगताओं से सम्बद्ध व्यक्तियों के लिए प्रत्येक वर्ग में आरक्षित पदों की संख्या का उल्लेख करेगा।

(4) अधिनियम की धारा 34 के प्रावधानों के अनुसार विकलांगजनों के लिए आरक्षण सम–स्तर होगा और बेंचमार्क विकलांगताओं से सम्बद्ध व्यक्तियों के लिए रिक्तियां एक पृथक वर्ग के अंतर्गत रखी जाएंगी।

16. **रिक्तियों का परस्पर परिवर्तन** – सरकारी प्रतिष्ठान इस अधिनियम की धारा 34 के प्रावधानों के अनुसार रिक्तियों का परस्पर परिवर्तन तभी करेंगे, जबकि बेंचमार्क विकलांगताओं से सम्बद्ध व्यक्तियों के लिए आरक्षित रिक्तियां भरने के लिए भर्ती की समुचित प्रक्रिया का अनुपालन किया गया हो।

17. **रिक्तियों के बारे में रिटर्न जमा कराना**– (1) प्रत्येक सरकारी प्रतिष्ठान हर 2 वर्ष में एक बार स्थानीय विशेष रोजगार कार्यालय को 1 अप्रैल से 30 सितंबर तक की छमाही के लिए फार्म–1 और 1 अक्तूबर से 31 मार्च की अवधि के लिए फार्म–2 में रिटर्न जमा कराएगा।

(2) छमाही रिटर्न सम्बद्ध तारीखों अर्थात् प्रत्येक वित्तीय वर्ष की 31 मार्च और 30 सितंबर से 30 दिन के भीतर जमा करायी जाएंगी।

(3) 2 वर्षीय रिटर्न प्रत्येक वैकल्पिक वित्तीय वर्ष की समाप्ति के 30 दिन के भीतर भरी जाएगी : परंतु प्रथम दो वार्षिक रिटर्न 31 मार्च, 2019 को समाप्त होने वाले वित्तीय वर्ष के लिए भरी जाएंगी।

18. **किसी नियोक्ता द्वारा रिकॉर्ड रखने के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला प्रारूप** –प्रत्येक सरकारी प्रतिष्ठान विकलांगजन कर्मचारियों का रिकॉर्ड फार्म–3 में रखेगा।

अध्याय – 6

अधिक सहायता की जरूरत वाले व्यक्तियों को सहायता

19. बेंचमार्क विकलांगता के साथ कोई भी व्यक्ति जो यह महसूस करता हो कि उसे अधिक सहायता की आवश्यकता है, तो वह अपने जिले के जिला समाज कल्याण अधिकारी से सम्पर्क कर सकता है, जो उसके आवेदन को मूल्यांकन बोर्ड के विचारार्थ भेजेंगे, जिसके सदस्य केंद्र सरकार द्वारा निर्धारित अनुसार होंगे।

अध्याय 7

सुगम्यता

20. सुगम्यता संबंधी नियम– (1) प्रत्येक प्रतिष्ठान भौतिक वातावरण, परिवहन और सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी के संबंध में निम्नांकित मानदंडों का अनुपालन करेगा, अर्थात् :–

(क) भारत सरकार के शहरी विकास मंत्रालय द्वारा मार्च 2016 में विकलांगजनों और बुजुर्ग व्यक्तियों के लिए जारी किए गए संतुलित दिशा–निर्देशों और बाधा मुक्त वातावरण निर्मित करने के लिए निर्धारित स्थान मानकों में सार्वजनिक भवनों के लिए निर्दिष्ट किए गए मानक;

(ख) सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय भारत सरकार द्वारा जीएसआर संख्या 895(ई) दिनांक 20 सितंबर 2016 के तहत जारी अधिसूचना में परिवहन प्रणाली के लिए वर्णित बस निकाय संहिता संबंधी मानक;

(ग) सूचना और संचार प्रौद्योगिकी

(i) भारत सरकार वेबसाइओं के लिए जारी दिशा निर्देशों में निर्दिष्ट वेबसाइट मानक, जो प्रशासनिक सुधार एवं जन शिकायत विभाग, भारत सरकार द्वारा अनुमोदित है;

(ii) वेबसाइटों पर प्रदर्शित किए जाने वाले दस्तावेज इलेक्ट्रोनिक पब्लिकेशन (ई–पब) या ऑप्टिकल कैरेक्टर रीडर (ओसीआर) आधारित पीडीएफ फार्मेट में होंगे;

परंतु, यह उपबंधित है कि अन्य सेवाओं और सुविधाओं के संदर्भ में सुगम्यता के मानक इन नियमों की अधिसूचना की तारीख से 6 महीने की अवधि में केंद्र सरकार द्वारा निर्दिष्ट किए जाएंगे।

(2) सम्बद्ध विभाग सम्बद्ध क्षेत्र नियामकों के जरिए अथवा अन्य माध्यमों से इस नियम के अंतर्गत निर्दिष्ट सुगम्यता मानकों का अनुपालन सुनिश्चित करेंगे।

अध्याय 8

संस्थान के पंजीकरण का प्रमाणपत्र

21. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग में संयुक्त निदेशक (तकनीकी) विकलांगजनों के लिए संस्थानों के पंजीकरण और ऐसे संस्थानों को अनुदान प्रदान करने के प्रयोजन के लिए धारा 49 के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी होंगे। परंतु, यह उपबंधित है कि संयुक्त निदेशक (तकनीकी) का पद किसी व्यक्ति द्वारा धारित न किए जाने की स्थिति में श्रेणीबद्धता में अगला पद धारित व्यक्ति सक्षम प्राधिकारी समझा जाएगा।

22. **पंजीकरण प्रमाणपत्र के लिए आवेदन और प्रमाणपत्र प्रदान करना**– (1) विकलांगजनों के लिए कोई संस्थान स्थापित करने या किसी संस्थान का रख–रखाव करने का इच्छुक व्यक्ति नियम 21 में वर्णित सक्षम प्राधिकारी को अपना आवेदन फार्म ए में भेज सकता है।

(2) उप–नियम (1) के अंतर्गत किए गए प्रत्येक आवेदन के साथ निम्नांकित चीजें संलग्न की जानी चाहिए,

(क) विकलांगता के क्षेत्र में किए गए कार्यों या प्रस्तावित कार्यों के संदर्भ में दस्तावेजी साक्ष्य;

(ख) संस्थान के प्रचालन के लिए उसका संविधान अथवा उप–नियम या विनियम;

(ग) आवेदन की तारीख से पिछले 3 वर्षों में सरकार से प्राप्त अनुदानों का ब्यौरा और तत्संबंधी लेखा परीक्षित विवरण;

(घ) संस्थान में नियोजित व्यक्तियों की कुल संख्या के बारे में एक विवरण उनके सम्बद्ध दायित्वों सहित;

(ङ) संस्थान में नियोजित व्यवसायियों की संख्या;

(च) संस्थान द्वारा नियोजित व्यवसायियों की योग्यता के बारे में एक विवरण; और

(छ) आवेदक के निवास का प्रमाण।

(3) उप नियम (1) के तहत किए गए प्रत्येक आवेदन को सम्बद्ध संस्थान के संदर्भ में निम्नांकित अपेक्षाएं पूरी करनी होंगी, अर्थात् –

(क) संस्थान भारतीय समिति पंजीकरण अधिनियम, 1860 (1860 का 21वां)/भारतीय न्यास अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत हो और ऐसे पंजीकरण प्रमाणपत्र/न्यास विलेख की एक प्रति, संस्थान के उपनियमों और समिति के संगम अनुच्छेद सहित, आवेदन के साथ संलग्न की जानी चाहिए;

(ख) ऐसा संस्थान किसी व्यक्ति अथवा व्यक्तियों के निकाय को लाभ पहुंचाने के लिए संचालित नहीं किया जा रहा हो;

(ग) यह कि संस्थान ने ऐसे व्यवसायियों को नियोजित किया हो, जो विकलांगजनों की विशेष जरूरतें पूरी करने से सम्बद्ध भारतीय पुनर्वास परिषद के साथ पंजीकृत हों;

(घ) यह कि संस्थान के पास विकलांगजनों के लिए समुचित शिक्षण और प्रशिक्षण सामग्री हो;

(ङ) यह कि संस्थान में पिछले वर्षों के लेखा परीक्षित लेखे और वार्षिक रिपोर्टें सक्षम प्राधिकारी के पास जमा कराई हों;

(च) यह कि संस्थान आवेदन करने की तारीख को विकलांगजनों के पुनर्वास के क्षेत्र में कार्यरत हो अथवा कार्य करने पर विचार कर रहा हो।

(4) इस नियम के अंतर्गत पंजीकरण प्रमाणपत्र, जब तक कि अधिनियम की धारा 52 के अंतर्गत रद्द न किया गया हो, प्रदान किए जाने अथवा नवीकृत किए जाने की तारीख से 5 वर्ष की अवधि के लिए प्रवृत्त रहेगा।

(5) पंजीकरण प्रमाणपत्र के नवीकरण के लिए आवेदन, ठीक उसी तरह करना होगा, जैसे उपनियम (1) के अंतर्गत प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए किया गया था और उसके साथ पिछले पंजीकरण प्रमाणपत्र की एक प्रति और इस आशय का कथन संलग्न करना होगा कि आवेदक संलग्न किए गए प्रमाणपत्र के नवीकरण के लिए आवेदन कर रहा है;

परंतु, यह उपबंधित है कि नवीकरण के लिए आवेदन सम्बद्ध प्रमाणपत्र की वैधता अवधि समाप्त होने से 60 दिन पहले किया जाएगा;

परंतु, यह और भी उपबंधित है कि सक्षम प्राधिकारी 60 दिन के बाद परंतु, 120 दिन से अधिक नहीं, की अवधि में पंजीकरण प्रमाणपत्र के नवीकरण के लिए किए गए आवेदन पर विचार कर सकता है, बशर्ते वह इस बात से संतुष्ट हो कि विलंब के लिए उचित कारण दिए गए हैं।

(6) उपनियम (5) के परंतुक में निर्दिष्ट अनुसार पंजीकरण प्रमाणपत्र के नवीकरण के लिए वैधता अवधि समाप्त होने से पहले आवेदन किए जाने की स्थिति में, पंजीकरण प्रमाणपत्र आवेदन के संदर्भ में अगला आदेश पारित होने तक जारी रहेगा और यदि उक्त परंतुक में निर्दिष्ट अनुसार 60 दिन के भीतर नवीकरण का आवेदन नहीं किया जाएगा, तो पंजीकरण प्रमाणपत्र समाप्त समझा जाएगा।

(7) उपनियम (1) अथवा उपनियम (5) के अंतर्गत किए गए प्रत्येक आवेदन, जिसके संदर्भ में अधिनियम की धारा 51 की उपधारा (1) में वर्णित सक्षम प्राधिकारी इस बात से संतुष्ट हो कि वह अधिनियम और इन नियमों के अंतर्गत पंजीकरण प्रमाणपत्र मंजूर किए जाने संबंधी अपेक्षाएं पूरी करता है, का निपटारा 90 दिन के भीतर कर दिया जाएगा।

(8) **पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी करने, इनकार करने और निरस्त करने संबंधी फार्म**–(क) संगठन की कार्य प्रणाली की उपयुक्त जांच करने के उपरांत और इस बात से संतुष्ट होने पर कि संगठन धारा 51 के प्रावधानों के अंतर्गत पंजीकृत किया जा सकता है, सक्षम प्राधिकारी फार्म–बी में पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी करेगा;

(ख) उपयुक्त जांच के बाद सक्षम प्राधिकारी पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी करने से इंकार कर सकता है और तत्संबंधी जानकारी पंजीकरण के लिए किए गए आवेदन की तारीख से 90 दिन के भीतर फार्म–सी में सम्बद्ध संगठन को भेजी जाएगी। परंतु, यह उपबंधित है कि पंजीकरण के लिए इंकार करने की जानकारी भेजने से पहले आवेदक को अपना पक्ष सक्षम प्राधिकारी के सामने रखने का अवसर प्रदान करने के लिए पत्र भेजा जा सकता है, जो अवसर प्रदान करने के लिए जारी किए गए पत्र की तारीख से 15 दिन से अधिक बाद संभव नहीं होगा।

(ग) अधिनियम की धारा 51 के अंतर्गत प्रदान किए गए पंजीकरण प्रमाणपत्र को अधिनियम की धारा 52 की उपधारा (1) के प्रावधानों के अंतर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा रद्द किया जा सकता है और इस तरह रद्द किए जाने की जानकारी सम्बद्ध संगठन को फार्म–डी में दी जाएगी।

23. **सक्षम प्राधिकारी के आदेश के खिलाफ अपील**– धारा 51 की उपधारा (1) में वर्णित सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकरण प्रमाणपत्र प्रदान करने से इंकार करने या पंजीकरण प्रमाणपत्र निरस्त करने के आदेश से असंतुष्ट कोई भी व्यक्ति ऐसे आदेश की तारीख से 3 महीने के भीतर उसके खिलाफ निदेशक, समाज कल्याण विभाग के समक्ष अपील कर सकता है, जो धारा 53 की उपधारा (1) के अंतर्गत अपील प्राधिकारी के रूप में कार्य करेगा। निदेशक, समाज कल्याण विभाग, मामले की आवश्यक जांच के बाद और अपीलकर्ता को सुनवाई का अवसर देने के बाद ऐसा आदेश दे सकता है, जो वह उचित समझे।

अध्याय 9

विकलांगता प्रमाणपत्र

24. **विकलांगता प्रमाणपत्र के लिए आवेदन** – (1) निर्दिष्ट विकलांगता से सम्बद्ध कोई भी व्यक्ति विकलांगता प्रमाणपत्र के लिए आवेदन कर सकता है और यह आवेदन निम्नांकित को किया जाएगा –

(क) किसी चिकित्सा प्राधिकारी अथवा आवेदक के आवेदन के साथ संलग्न किए गए निवास प्रमाणपत्र में वर्णित निवास के जिले में ऐसा प्रमाणपत्र जारी करने के लिए अधिसूचित अन्य सक्षम प्राधिकारी; अथवा

(ख) किसी सरकारी अस्पताल, जहां उसकी विकलांगता के संदर्भ में उसका उपचार चल रहा हो या पूर्व में उपचार किया गया हो, में कार्यरत सम्बद्ध चिकित्सा प्राधिकारी : परंतु यह उपबंधित है कि विकलांगता से सम्बद्ध व्यक्ति नाबालिग होने अथवा बौद्धिक विकलांगता से पीड़ित होने अथवा किसी अन्य ऐसी विकलांगता से पीड़ित होने, जिसके कारण वह स्वयं आवेदन करने में अक्षम या असमर्थ हो, तो उसकी ओर से आवेदन उसके कानूनी संरक्षक द्वारा अथवा अधिनियम में पंजीकृत ऐसे संगठन द्वारा किया जा सकता है, जहां देखरेख के लिए नाबालिग को रखा गया हो।

(2) आवेदन के साथ निम्नांकित दस्तावेज संलग्न करने होंगे –

(क) निवास प्रमाणपत्र;

(ख) पासपोर्ट आकार के दो नवीनतम फोटोग्राफ; और

(ग) आधार संख्या अथवा आधार पंजीकरण संख्या, यदि कोई हो।

नोट :– ऐसे आवेदक से, जिसके पास आधार अथवा आधार पंजीकरण संख्या हो, निवास का कोई अन्य प्रमाणपत्र नहीं मांगा जाएगा।

25. राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार का स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग प्रमाणन प्राधिकारियों को अधिसूचित करेगा, जो विकलांगता प्रमाणपत्र जारी करने के लिए सक्षम होंगे। विभाग अधिनियम की धारा 57 की उपधारा (1) और (2) के परंतुकों के अनुसार प्रमाणन प्राधिकारी का अधिकार क्षेत्र और ऐसे नियम एवं शर्तें भी अधिसूचित करेगा, जिनके अंतर्गत उसे अपने प्रमाणन संबंधी कार्यों को अंजाम देना है।

26. **विकलांगता प्रमाणपत्र जारी करना** – (1) नियम 24 के तहत आवेदन प्राप्त होने पर, चिकित्सा प्राधिकारी अथवा कोई अन्य अधिसूचित सक्षम प्राधिकारी, आवेदक द्वारा दी गई जानकारी की जांच करेगा और केंद्र सरकार द्वारा जारी सम्बद्ध दिशा–निर्देशों के संदर्भ में विकलांगता का मूल्यांकन करेगा और स्वयं इस बात से संतुष्ट होने के बाद कि आवेदक विकलांगजन है, फार्म–5, 6 और 7 जो भी लागू हो, में विकलांगता प्रमाणपत्र जारी करेगा।

(2) चिकित्सा प्राधिकारी आवेदन प्राप्त होने की तारीख से एक माह के भीतर विकलांगता प्रमाणपत्र जारी करेगा।

(3) चिकित्सा प्राधिकारी समुचित जांच के बाद –

(i) ऐसे मामलों में स्थायी विकलांगता प्रमाणपत्र जारी करेगा, जहां आगे चल कर विकलांगता की स्थिति में कोई परिवर्तन होने की संभावना न हो; अथवा

(ii) ऐसे मामलों में, जहां विकलांगता की स्थिति में अंतर आने की संभावना हो, वैधताअवधि का उल्लेख करते हुए विकलांगता प्रमाणपत्र जारी करेगा।

(4) यदि कोई आवेदक विकलांगता प्रमाणपत्र जारी करने के लिए अपात्र पाया जाता है, तो चिकित्सा प्राधिकारी उसे आवेदन प्राप्त होने की तारीख से 1 महीने की अवधि के भीतर फार्म–8 में लिखित रूप से कारणों की जानकारी प्रदान करेगा।

27. **नियम 26 के अंतर्गत जारी किया गया प्रमाणपत्र आमतौर पर सभी प्रयोजनों के लिए वैध होगा**– ऐसा व्यक्ति, जिसे नियम 26 के अंतर्गत प्रमाणपत्र जारी किया गया हो, सरकार और सरकार द्वारा वित्त पोषित

गैर–सरकारी संगठनों के कार्यक्रमों के अंतर्गत विकलांगजनों को दी जाने वाली सभी सुविधाओं, रियायतों और लाभों के लिए आवेदन का पात्र होगा।

28. **रद्द अधिनियम के अंतर्गत जारी विकलांगता प्रमाणपत्र की वैधता**– विकलांगजन (समान अवसर, अधिकारों का संरक्षण और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 (1996 का 1) के अंतर्गत जारी किए गए विकलांगता प्रमाणपत्र की वैधता अधिनियम प्रारंभ होने के बाद,उसमें निर्दिष्ट अवधि के लिए बनी रहेगी।

29. **विकलांगता प्रमाणपत्र जारी करने वाले प्राधिकारी के निर्णय के खिलाफ अपील** – (1) विकलांगता प्रमाणपत्र जारी करने वाले प्राधिकारी के निर्णय से असंतुष्ट कोई भी व्यक्ति,तत्संबंधी निर्णय की तारीख से 90 दिन के भीतर अधिनियम की धारा 59 की उपधारा (1) के प्रयोजन के लिए राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग द्वारा अधिसूचित अपील प्राधिकरण के समक्षनिम्नांकित तरीके से अपीलदायर कर सकता है :–

(क) अपील में मामले की संक्षिप्त जानकारी होगी और अपील करने के कारण शामिल होंगे;

(ख) अपील के साथ प्रमाणन प्राधिकारी द्वारा जारी निरसन आदेश की एक प्रति संलग्न की जानी चाहिए : परंतु, यह उपबंधित है कि विकलांगता से सम्बद्ध व्यक्ति नाबालिग होने अथवा बौद्धिक विकलांगता से पीड़ित होने अथवा किसी अन्य ऐसी विकलांगता से पीड़ित होने, जिसके कारण वह स्वयं अपील करने में अक्षम या असमर्थ हो, तो उसकी ओर से अपील उसके कानूनी संरक्षक द्वारा की जा सकती है।

(2) ऐसी अपील प्राप्त होने पर, अपील प्राधिकरण अपीलकर्ता को अपना पक्ष रखने के लिए एक अवसर प्रदान करेगा और तत्पश्चात ऐसा तर्कसंगत और विस्तृत आदेश पारित करेगा, जो वह उचित समझता हो।

(3) उपनियम (1) के अंतर्गत की गई प्रत्येक अपील यथासंभव तेजी से निपटाई जाएगी और इस कार्य में अपील प्राप्त होने की तारीख से 60 दिन से अधिक समय नहीं लगेगा।

अध्याय 10

राज्य सलाहकार बोर्ड

30. **राज्य सलाहकार बोर्ड के सदस्यों के लिए भत्ते**– विकलांगता से सम्बद्ध राज्य सलाहकार बोर्ड के गैर–सरकारी सदस्यों को उक्त बोर्ड की वास्तविक बैठकों में भाग लेने के लिए प्रतिदिन 2000/– रुपये भत्ता अदा किया जाएगा।

31. **बैठक का नोटिस (1)** अधिनियम की धारा 66 की उपधारा (1) के अंतर्गत गठित विकलांगता संबंधी राज्य सलाहकार बोर्ड (जिसे इस अध्याय में बाद में 'बोर्ड' कहा जाएगा) की बैठकें सामान्यतः समाज कल्याण विभाग के प्रभारी मंत्री के कार्यालय में इसके अध्यक्ष द्वारा नियत तारीखों पर आयोजित की जाएंगी : परंतु, यह उपबंधित है कि बोर्ड की हर छह महीने में कम से कम एक बैठक अवश्य होगी।

(2) बोर्ड का अध्यक्षबोर्ड के कम से कम 10 सदस्यों के लिखित अनुरोध पर, बोर्ड की विशेष बैठक आमंत्रित कर सकता है।

(3) सामान्य बैठक के लिए स्पष्ट 15 दिन का नोटिस और विशेष बैठक के लिए स्पष्ट 5 दिन का नोटिस दिया जाना चाहिए, जिसमें बैठक का समय और स्थान निर्दिष्ट होना चाहिए। बैठक में विचारणीय विषयों की जानकारी भी सदस्य सचिव द्वारा बोर्ड के सदस्यों को दी जाएगी।

(4) बोर्ड के सदस्यों को बैठक का नोटिस संदेशवाहक द्वारा डिलिवर किया जा सकता है अथवा इसे उनके पिछले ज्ञात निवास या व्यापार स्थलों पर पंजीकृत डाक से भेजा जा सकता है अथवा ईमेल किया जा सकता है अथवा मामले की परिस्थितियों के अनुसार उपयुक्त समझे गए किसी अन्य ऐसे माध्यम से भेजा जा सकता है, जो बोर्ड के अध्यक्ष द्वारा तय किया गया हो।

(5) बोर्ड का कोई सदस्य बैठक के लिए कोई ऐसा विषय विचारार्थ प्रस्तुत नहीं करेगा, जिसके लिए उसने बोर्ड के सदस्य सचिव को स्पष्ट रूप से 10 दिन का नोटिस न दिया हो, परंतु बोर्ड का अध्यक्ष अपने विवेकाधिकार से ऐसा करने की अनुमति दे सकता है।

(6) बोर्ड अपनी बैठक एक दिन से दूसरे दिन के लिए अथवा किसी खास दिन के लिए निम्नांकित अनुसार स्थगित कर सकता है :–

(क) जब बोर्ड की बैठक उसी दिन के लिए स्थगित की गई हो, तो ऐसी बैठक स्थगित करने का नोटिस उस स्थान पर उपलब्ध बोर्ड के सदस्यों को दिया जाएगा, जहां स्थगित की जाने वाली बैठक आयोजित की जानी थी और शेष सदस्यों को बैठक स्थगित किए जाने का नोटिस देना अनिवार्य नहीं होगा;

(ख) ऐसे मामले में, जहां बोर्ड की बैठक उसी दिन स्थगित की गई हो, लेकिन अगली तारीख के लिए बैठक स्थगित की गई हो तो ऐसी बैठक का नोटिस उपनियम (4) में निर्दिष्ट तरीके से बोर्ड के सभी सदस्यों को भेजा जाएगा।

32. **पीठासीन अधिकारी**– बोर्ड की प्रत्येक बैठक में उसका अध्यक्ष पीठासीन अधिकारी होगा और उसकी अनुपस्थिति में उपाध्यक्ष पीठासीन अधिकारी होगा, परंतु, बोर्ड के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों की अनुपस्थिति में बोर्ड के उपस्थित सदस्य बैठक की अध्यक्षता के लिए एक सदस्य का चुनाव करेंगे।

33. **कोरम**– (1)बोर्ड के कुल सदस्यों के एक तिहाई सदस्यों की उपस्थिति किसी भी बैठक के लिए कोरम समझी जाएगी।

(2) किसी बैठक के लिए तय किए गए किसी समय पर अथवा किसी बैठक के दौरान यदि बोर्ड के कुल सदस्यों का एक तिहाई से कम सदस्य उपस्थित होंगे, तो अध्यक्ष अगले दिन के लिए निर्दिष्ट समय तक बैठक को स्थगित कर सकता है अथवा भविष्य की कोई तारीख निर्धारित करते हुए किसी अन्य दिन तक बैठक स्थगित कर सकता है।

(3) बोर्ड की स्थगित बैठक के लिए कोरम आवश्यक नहीं होगा।

(4) बोर्ड की सामान्य या विशेष बैठक, जो भी लागू हो, के लिए तय कार्य सूची से इतर किसी विषय पर स्थगित बैठक में विचार नहीं किया जाएगा।

(5) (क) उपनियम (2) के अंतर्गत कोरम के अभाव के कारण अगले दिन के लिए स्थगित की गई बोर्ड की बैठक के मामले में इस तरह स्थगित की गई बैठक का नोटिस उस स्थान पर उपलब्ध बोर्ड के सदस्यों को दिया जाएगा, जहां स्थगित की गई बैठक होनी थी और अन्य सदस्यों को स्थगित बैठक का नोटिस देना अनिवार्य नहीं होगा; और

(ख) जहां उपनियम (2) के अंतर्गत कोरम के अभाव में बोर्ड की बैठक अगले दिन की बजाए किसी अन्य दिन के लिए स्थगित की गई हो, और उसकी तारीख में पर्याप्त अंतराल हो, तो इस तरह स्थगित की गई बैठक का नोटिस नियम 31 के उपनियम 4 में निर्दिष्ट अनुसार बोर्ड के सभी सदस्यों को भेजा जाएगा।

34. **कार्य वृत्त** – (1) बोर्ड की बैठक में उपस्थित बोर्ड के सभी सदस्यों के नामों और बैठक की कार्यवाही का रिकॉर्ड बोर्ड के सदस्य सचिव द्वारा इस प्रयोजन के लिए तैयार किए गए एक रजिस्टर में रखा जाएगा।

(2) बोर्ड की पिछली बैठक के कार्यवृत्त को प्रत्येक अगली बैठक के शुरू में पढ़ कर सुनाया जाएगा और प्रत्येक बैठक में पीठासीन अधिकारी द्वारा अपने हस्ताक्षर के साथ उसकी पुष्टि की जाएगी।

(3) बैठक की कार्यवाहीसदस्य सचिव के कार्यालय में उपलब्ध रहेगी ताकि बोर्ड का कोई भी सदस्य कार्यालय समय के दौरान उसकी जांच कर सके।

35. **बोर्ड की बैठक में किए जाने वाले कार्य**– पीठासीन अधिकारी की अनुमति के बिना कार्य सूची से इतर किसी विषय पर अथवा ऐसे किसी विषय पर, जिसका नोटिस नियम 31 के उपनियम (5) के अंतर्गत किसी सदस्य द्वारा न दिया गया हो, विचार नहीं किया जाएगा।

36. **राज्य सलाहकार बोर्ड की बैठक के लिए कार्यसूची** –जब तक कि पीठासीन अधिकारी की अनुमति से बैठक में अन्यथा तय न किया गया हो, बोर्ड की किसी बैठक में विषयों पर विचार कार्यसूची में वर्णित क्रम के अनुसार किया जाएगा।

परंतु, यह उपबंधित है कि बोर्ड की बैठक के प्रारंभ में अथवा बैठक के दौरान किसी प्रस्ताव पर बहस पूरी होने के बाद, पीठासीन अधिकारी अथवा बोर्ड का कोई सदस्य कार्य सूची में वर्णित विचारणीय विषयों में परिवर्तन का सुझाव दे सकता है और यदि बोर्ड का अध्यक्ष अनुमति दे देता है, तो ऐसा बदलाव संभव होगा।

37. **बहुमत द्वारा निर्णय**– बोर्ड की बैठकों में विचारणीय सभी विषयों के बारे में निर्णय बोर्ड के उपस्थित और मतदान में भाग लेने वाले सदस्यों के बहुमत के अनुसार किया जाएगा और मत समान होने की स्थिति में बोर्ड के अध्यक्ष अथवा अध्यक्ष की अनुपस्थिति में बोर्ड के उपाध्यक्ष अथवा दोनों की अनुपस्थिति में बैठक के पीठासीन सदस्य, जो भी लागू हो, को दूसरा या निर्णायक वोट देने का हक होगा।

38. **किसी रिक्ति अथवा अन्य कमी के कारण कोई कार्यवाही अवैध नहीं होगी**– किसी पद के रिक्त होने अथवा बोर्ड के संविधान में कोई कमी होने के कारण बोर्ड की कोई कार्यवाही अवैध नहीं समझी जाएगी।

39 **जिला स्तरीय समिति**–अधिनियम की धारा 72 में वर्णित विकलांगता संबंधी जिला स्तरीय समिति में निम्नांकित व्यक्ति शामिल होंगे, अर्थात् :–

(i) संघ अथवा राज्य की सिविल सेवाओं का एक अधिकारी, जो जिला मजिस्ट्रेट या उपायुक्त के रैंक से कम न हो, जिले के अनुसार जो भी लागू हो – पदेन अध्यक्ष;

(ii) मुख्य जिला चिकित्सा अधिकारी – सदस्य

(iii) जिला अस्पताल का मनोचिकित्सक – सदस्य

(iv) जिला पब्लिक प्रोसिक्यूटर– सदस्य

(v) सहायक आयुक्त (श्रम) – सदस्य

(vi) पंजीकृत संगठन का प्रतिनिधि – सदस्य

(vii) अधिनियम की धारा 2 के खंड (खंडों) में परिभाषित अनुसार विकलांगजन – सदस्य

(viii) अध्यक्ष द्वारा आमंत्रित कोई अन्य सदस्य – सदस्य

(ix) जिला समाज कल्याण अधिकारी – सदस्य सचिव

40. जिले के उपायुक्त द्वारा जारी आदेश के तहत प्रत्येक जिले के लिए जिला स्तरीय समिति का गठन किया जाएगा और उसका कार्यकाल गठन की तारीख से 3 वर्ष की अवधि के लिए होगा।

41. समिति के कार्य –विकलांगता संबंधी जिला स्तरीय समिति निम्नांकित कार्य करेगी, अर्थात् :–

(क) जिला अधिकारियों को विकलांगजनों के पुनर्वास और सशक्तिकरण से संबंधित मामलों में सलाह देगी;

(ख) अधिनियम और नियमों के प्रावधानों के कार्यान्वयन पर निगरानी रखेगी;

(ग) सरकार द्वारा विकलांगजनों के सशक्तिकरण के लिए चलाए जा रहे कार्यक्रमों और उपायों के कार्यान्वयन में जिला प्राधिकारियों की सहायता करेगी;

(घ) जिला प्राधिकारियों द्वारा अधिनियम के प्रावधानों का कार्यान्वयन न करने के बारे में प्राप्त शिकायतों की जांच करेगी और ऐसी शिकायतों के निवारण के बारे में सम्बद्ध प्राधिकारी को उपयुक्त सुधार के उपायों की अनुशंसा करेगी;

(ङ) अधिनियम की धारा 23 की उपधारा (4) के अंतर्गत असंतुष्ट सरकारी प्रतिष्ठानों के कर्मचारियों की अपील पर जिला स्तरीय प्रतिष्ठानों द्वारा की गई कार्यवाही की जांच करेगी और समुचित उपायों की अनुशंसा करेगी; तथा

(च) राज्य सरकार द्वारा सौंपा गया कोई अन्य कार्य।

अध्याय – 11

विकलांगजनों के लिए राज्य आयुक्त

42. **राज्य आयुक्त की नियुक्ति के लिए योग्यता**– अधिनियम की धारा 79 की उपधारा (1) के अतर्गत विकलांगजनों के लिए राज्य आयुक्त के रूप में नियुक्ति के लिए व्यक्ति को पात्रता की निम्नांकित शर्तें पूरी करनी होंगी :–

(i) उसे विकलांगजनों के पुनर्वास से संबंधित मामलों की विशेष जानकारी अथवा व्यावहारिक अनुभव होना चाहिए;

(ii) उसकी आयु राज्य आयुक्त की नियुक्ति के लिए आवेदन आमंत्रित करने वाले विज्ञापन में आवेदन प्राप्त करने के लिए निर्दिष्ट अंतिम तारीख वाले वर्ष की पहली जनवरी को 60 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए;

(iii) यदि वह केंद्र सरकार अथवा राज्य सरकार की सेवा में हो, तो उसे अपने पद पर नियुक्ति से पहले वर्तमान पद से सेवा निवृत्त होना होगा; और

(iv) उसके पास निम्नांकित शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव होना चाहिए, अर्थात् :–

(क) शैक्षिक योग्यता : –

(i) अनिवार्य : मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक

(ii) वांछनीय : सामाजिक कार्य अथवा विधि या प्रबंधन अथवा विकलांगजनों के मानवाधिकारों या पुनर्वास या शिक्षा में मान्यता प्राप्त डिग्री अथवा डिप्लोमा प्राप्त किया हो।

(ख) अनुभव :– समूह 'क' स्तर या समकक्ष पद पर कम से कम 20 वर्ष का कार्यानुभवः–

(i) केंद्र अथवा राज्य सरकार के अंतर्गत अथवा

(ii) विकलांगता संबंधी मामलों अथवा सामाजिक क्षेत्र से सम्बद्ध सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों या अर्द्ध सरकारी या स्वायत्त निकायों में। अथवा

(iii) विकलांगता या सामाजिक विकास के क्षेत्र में सक्रिय किसी पंजीकृत राज्य स्तरीय या राष्ट्रीय अथवा अंतर्राष्ट्रीय स्तर के स्वयंसेवी संगठन में वरिष्ठ स्तरीय कार्यकारी पद पर काम किया हो। परंतु, इस उपखंड में वर्णित कुल 20 वर्ष के अनुभव में से तत्काल निकटवर्ती अतीत में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव विकलांगजनों के सशक्तिकरण से सम्बद्ध होना चाहिए।

43. **राज्य आयुक्त की नियुक्ति की पद्धति** – (1) राज्य आयुक्त का पद रिक्त होने से कम से कम 6 महीने पहले, कम से कम 2 राष्ट्रीय या राज्य स्तर के दैनिक समाचार पत्रों में विज्ञापन प्रकाशित किया जाएगा, जिनमें से एक अखबार अंग्रेजी और दूसरा भारतीय भाषा का होना चाहिए, जिसमें नियम 42 में वर्णित मानदंड पूरे करने वाले पात्र उम्मीदवारों से पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे।

(2) राज्य सरकार द्वारा तलाश–एवं–चयन समिति गठित की जाएगी, जो राज्य आयुक्त के पद के लिए 3 उपयुक्त उम्मीदवारों की एक सूची अनुशंसित करेगी।

(3) **तलाश एवं चयन समिति का गठन** –मुख्य सचिव की अध्यक्षता में तलाश एवं चयन समिति का गठन किया जाएगा, जिसमें प्रधान सचिव/समाज कल्याण सचिव, प्रधान सचिव/स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सचिव, संभागीय आयुक्त और प्रधान सचिव/शिक्षा सचिव शामिल होंगे।

(4) उपनियम (2) के तहत तलाश एवं चयन समिति द्वारा अनुशंसित सूची में उपनियम (1) के अंतर्गत दिए गए विज्ञापन के संदर्भ में आवेदन करने वाले उम्मीदवारों में से चुने गए उम्मीदवारों तथा केंद्र या राज्य सरकार में सेवारत कर्मचारियों में से इच्छुक एवं पात्र व्यक्तियों में से समिति द्वारा उपयुक्त समझे गए व्यक्तियों के नाम शामिल किए जाएंगे।

(5) राज्य सरकार उपनियम (2) के अंतर्गत तलाश एवं चयन समिति द्वारा अनुशंसित सूची में से एक उम्मीदवार को राज्य आयुक्त नियुक्त करेगी।

44. **राज्य आयुक्त का कार्यकाल** –(1) राज्य आयुक्त की नियुक्ति पूर्णकालिक आधार पर की जाएगी, जो उनके पदभार ग्रहण करने की तारीख से 3 वर्ष के लिए अथवा 65 वर्ष की आयु प्राप्त करने, इनमें से जो भी पहले हो, तक के लिए की जाएगी।

(2) कोई व्यक्ति राज्य आयुक्त के पद पर अधिकतम 2 कार्यकाल के लिए रह सकता है, परंतु ऊपरी आयु सीमा 65 वर्ष रहेगी।

45. **राज्य आयुक्त का वेतन और भत्ते**– (1) राज्य आयुक्त का वेतन और भत्ते राज्य सरकार में सचिव को मिलने वाले वेतन और भत्तों के समान होंगे।

(2) यदि राज्य आयुक्त किसी सेवारत सरकारी कर्मचारी अथवा केंद्र और राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित संस्थान या स्वायत्त निकाय के सेवानिवृत्त कर्मचारी को बनाया जाता है, तो ऐसी स्थिति में उसे इन नियमों के अंतर्गत स्वीकार्य वेतन में से पिछली सेवा के संदर्भ में प्राप्त हो रही पेंशन राशि घटा दी जाएगी, और यदि उसने पेंशन के एक हिस्से के बदले कोई राशि प्राप्त की होगी, तो उसका कम्युटिड मूल्य भी प्रस्तावित वेतन से घटा दिया जाएगा।

46. **राज्य आयुक्त की अन्य सेवा शर्तें**– (1) राज्य आयुक्त की अन्य सेवा शर्तें नीचे निर्दिष्ट अनुसार होंगी, अर्थात् :–

(क) **अवकाश** : राज्य सिविल सेवा नियमों के सम्बद्ध प्रावधानों के तहत राज्य आयुक्त समूह 'क' अधिकारी के समान अवकाश पाने का हकदार होगा।

(ख) **अवकाश यात्रा रियायत** : राज्य आयुक्त राज्य सिविल सेवा नियमों के सम्बद्ध प्रावधानों के तहत समूह 'क' अधिकारी के समान अवकाश यात्रा रियायत पाने का पात्र होगा।

(ग) **चिकित्सा लाभ** – राज्य आयुक्त राज्य सिविल सेवा नियमों के सम्बद्ध प्रावधानों के तहत समूह 'क' अधिकारी के समान चिकित्सा लाभ पाने का पात्र होगा।

47. **त्यागपत्र और बर्खास्तगी** –(1) राज्य आयुक्त स्व–हस्ताक्षरित लिखित नोटिस के साथ अपने पद से त्यागपत्र दे सकता है, जो राज्य सरकार को संबोधित होना चाहिए।

(2) निम्नांकित स्थितियों में राज्य सरकार राज्य आयुक्त को बर्खास्त कर सकती है –

(क) दिवालिया हो जाने की स्थिति में; अथवा

(ख) पद पर कार्य करते हुए अपने कार्यालय के दायित्वों से बाहर किसी लाभकारी रोजगार या गतिविधि में संलग्न होने की स्थिति में; अथवा

(ग) किसी ऐसे अपराध के लिए दोषी सिद्ध होने और कारावास की सजा पाने की स्थिति में, जो राज्य सरकार की दृष्टि में नैतिक भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता हो; अथवा

(घ) राज्य सरकार की नजर में मस्तिष्क अथवा शरीर की किसी कमजोरी के कारण पद पर बने रहने के लिए अनुपयुक्त होना या अधिनियम में वर्णित कार्यों के निष्पादन में गंभीर चूक होना; अथवा

(ङ) राज्य सरकार से अनुपस्थिति की अनुमति प्राप्त किए बिना लगातार 15 दिन या उससे अधिक अवधि के लिए ड्यूटी से अनुपस्थित रहना; अथवा

(च) राज्य सरकार की राय में राज्य आयुक्त के पद का इस कदर दुरुपयोग किया हो कि उसका पद पर बने रहना विकलांगजनों के हितों के लिए हानिकारक हो : परंतु, इस नियम के अंतर्गत किसी राज्य आयुक्त को पद से हटाने के लिए राज्य सरकार के समूह 'क' अधिकारी को बर्खास्त करने के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया यथोचित परिवर्तनों सहित, अपनाना अनिवार्य होगा।

(3) राज्य सरकार ऐसे राज्य आयुक्त को, जिसे बर्खास्त करने के लिए उपनियम (2) के अनुसार कार्रवाई की जा रही हो, ऐसी कार्रवाई का परिणाम आने तक, निलंबित कर सकती है।

48. **अन्य प्रावधान**– राज्य आयुक्त की सेवा की अन्य शर्तें, जिनके संदर्भ में इन नियमों के अंतर्गत कोई स्पष्ट प्रावधान न किया गया हो, राज्य सरकार के सचिव के संदर्भ में तत्समय प्रवृत्त नियमों एवं आदेशों द्वारा निर्धारित की जाएंगी।

49. **राज्य आयुक्त की सहायता के लिए सलाहकार समिति** –(1) राज्य सरकार एक सलाहकार समिति नियुक्त करेगी, जिसमें 5 विशेषज्ञ होंगे, जिनमें अधिनियम की अनुसूची में वर्णित विकलांगता के 5 समूहों में से प्रत्येक से एक–एक शामिल होगा। इन विशेषज्ञों में दो महिलाएं होंगी।

(2) राज्य आयुक्त जरूरत के अनुसार विषय या क्षेत्र से सम्बद्ध ऐसे विशेषज्ञ आमंत्रित कर सकता है, जो बैठक या सुनवाई के दौरान और रिपोर्ट तैयार करने में उसकी सहायता कर सके।

(3) सलाहकार समिति के सदस्यों का कार्यकाल 3 वर्ष के लिए होगा और सदस्य पुनः नामित किए जाने के पात्र नहीं होंगे।

(4) सलाहकार समिति के गैर–आधिकारिक सदस्यों को वास्तविक बैठक के प्रत्येक दिन के लिए 2000/– रुपये प्रति दिन भत्ते के रूप में दिए जाएंगे।

50. **राज्य आयुक्त द्वारा अपनायी जाने वाली प्रक्रिया**– (1) शिकायतकर्ता निम्नांकित ब्यौरा देते हुए राज्य आयुक्त को व्यक्तिगत रूप में या अपने एजेंट के माध्यम से शिकायत कर सकता है अथवा उसे पंजीकृत डाक से या ईमेल के जरिए राज्य आयुक्त को भेज सकता है, अर्थात् –

(क) शिकायतकर्ता का नाम, विवरण और पता;

(ख) प्रतिवादी या प्रतिवादियों, जो भी लागू हो, के नाम, विवरण और पते, जहां तक उनका पता चला हो;

(ग) शिकायत से संबंधित तथ्य और यह कब और कैसे पैदा हुई;

(घ) शिकायत में वर्णित आरोपों के समर्थन में दस्तावेज; और

(ङ) राहत, जो शिकायतकर्ता दावा करना चाहता हो।

(2) राज्य आयुक्त शिकायत प्राप्त होने के बाद शिकायत की एक प्रति प्रतिवादी या प्रतिवादियों, जिनके नाम शिकायत में वर्णित हों, को उपलब्ध कराएगा और उन्हेंनिर्देश देगा कि वे 30 दिन के भीतर या राज्य आयुक्त द्वारा दी गई विस्तारित अवधि, जो 15 दिन से अधिक नहीं होगी, के भीतर मामले पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करें।

(3) सुनवाई की तारीख पर अथवा अन्य तारीख जिसके लिए सुनवाई स्थगित की गई हो, पर पक्षकारों या उनके एजेंटों को राज्य आयुक्त के समक्ष उपस्थित होना होगा।

(4) यदि शिकायतकर्ता अथवा उसका एजेंट राज्य आयुक्त के समक्ष निर्धारित तारीखों पर उपस्थित नहीं होते हैं, तो राज्य आयुक्त अनुपस्थिति के कारण शिकायत को निरस्त कर सकता है अथवा गुण–दोष के आधार पर फैसला कर सकता है।

(5) यदि सुनवाई की तारीख पर प्रतिवादी या उसका एजेंट उपस्थित नहीं होता है, तो राज्य आयुक्त अधिनियम की धारा 82 के अंतर्गत जो उपयुक्त समझे, वह कार्रवाई कर सकता है, ताकि प्रतिवादी को बुलाया और प्रवृत्त किया जा सके।

(6) राज्य आयुक्त यदि आवश्यक समझे तो शिकायत का निपटारा एकतरफा कर सकता है।

(7) राज्य आयुक्तऐसी शर्तों पर, जो वह उपयुक्त समझता हो, और सुनवाई के किसी स्तर पर, शिकायत पर सुनवाई स्थगित कर सकता है।

(8) राज्य आयुक्त यथासंभव प्रतिवादियों द्वारा नोटिस प्राप्त होने की तारीख से 3 महीने के भीतर शिकायत का निपटारा करेगा।

51. **वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना**– (1) राज्य आयुक्त वित्तीय वर्ष समाप्त होने के बाद यथाशीघ्र, परंतु अगले वर्ष में सितंबर की 30 तारीख तक, एक वार्षिक रिपोर्ट तैयार करेगा और राज्य सरकार को सौंपेगा, जिसमें उक्त वित्तीय वर्ष के दौरान उसकी गतिविधियों का पूरा ब्यौरा शामिल होगा।

(2) उपनियम–1 में वर्णित वार्षिक रिपोर्ट विशेष रूप से ऐसे प्रारूप में होगी, जिसमें अलग–अलग मामलों का ब्यौरा अलग–अलग शीर्षकों के अंतर्गत दिया गया हो और उसमें अन्य बातों के अलावा निम्नांकित में से प्रत्येक मामले के संदर्भ में जानकारी दी गई हो, अर्थात् :–

(क) राज्य आयुक्त के कार्यालय में अधिकारियों और कर्मचारियों के नाम तथा संगठनात्मक ढांचे को प्रदर्शित करने वाला एक चार्ट;

(ख) उन कार्यों का विवरण, जिनके लिए राज्य आयुक्त अधिनियम के तहत अधिकृत है और इस बारे में कार्य निष्पादन की प्रमुख बातें;

(ग) राज्य आयुक्त द्वारा की गई प्रमुख सिफारिशें;

(घ) राज्य में अधिनियम के कार्यान्वयन की दिशा में हुई प्रगति; और

(ङ) राज्य आयुक्त द्वारा समाविष्ट किए जाने के लिए उपयुक्त समझा गया कोई अन्य मामला या राज्य सरकार द्वारा रिपोर्ट में शामिल किए जाने के लिए समय–समय पर निर्दिष्ट कोई मामला।

अध्याय 12

लोक अभियोक्ता

52. **लोक अभियोक्ता की नियुक्ति** – (1) लोक अभियोक्ता की नियुक्ति प्रत्येक विशेष अदालत में की जाएगी, जिसमें निम्नांकित गुण होने चाहिए –

(क) विकलांगजनों के मामलों से निपटने के व्यावहारिक अनुभव को वरीयता दी जाएगी;

(ख) बार में काम करने का कम से कम 7 वर्ष का अनुभव; और

(ग) स्थानीय भाषा और रीति–रिवाजों की बेहतर जानकारी।

(2) अधिनियम की धारा 85 की उपधारा (1) के अंतर्गत निर्दिष्ट या नियुक्त विशेष लोक अभियोक्ता की फीस और अन्य पारिश्रमिक वही होंगे, जो आपराधिक प्रक्रिया संहिता, 1973 (1974 का 1) के अंतर्गत राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार द्वारा नियुक्त लोक अभियोक्ता को सत्र अदालत के समक्ष मामलों के संचालन के लिए दिए जाते हैं।

अध्याय 13

विकलांगजनों के लिए राज्य निधि

53. विकलांगजनों के लिए राज्य निधि और उसका प्रबंधन – (1) विकलांगजनों के लिए राज्य निधि सृजित की जाएगी, जिसे बाद में ''राज्य निधि'' कहा जाएगा –

(क) अनुदान, उपहार, चंदा, दान, उत्तरदान या अंतरण से प्राप्त सभी राशियां;

(ख) सहायता अनुदान सहित राज्य सरकार से प्राप्त सभी राशियां; और

(ग) कॉर्पोरेट घरानों/सीएसआर के अंतर्गत सार्वजनिक क्षेत्र के प्रतिष्ठानों से प्राप्त समस्त राशियां अथवा राज्य सरकार द्वारा तय किए गए अन्य स्रोतों से प्राप्त राशियां।

(2) राज्य निधि के प्रबंधन के लिए एक कार्यकारिणी समिति होगी, जिसमें निम्नांकित सदस्य शामिल होंगे, अर्थात् –

(क) राज्य सरकार के अंतर्गत समाज कल्याण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार का प्रधान सचिव या सचिव –**अध्यक्ष;**

(ख) राज्य सरकार के अंतर्गत स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग; शिक्षा विभाग, श्रम और रोजगार विभाग, वित विभाग, ग्रामीण विकास विभाग से दो प्रतिनिधि जो संयुक्त सचिव से कम रैंक के न हों, जो वर्णानुक्रम से बारी–बारी से शामिल किए जाएंगे –**सदस्य**;

(ग) राज्य सरकार द्वारा नामित अलग–अलग विकलांगताओं का प्रतिनिधित्व करने वाले दो व्यक्ति,बारी–बारी से–**सदस्य**;

(घ) रा.रा.क्षेत्र दिल्ली सरकार के समाज कल्याण विभाग का निदेशक–**संयोजक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी।**

(3) कार्यकारिणी की बैठक आवश्यकता अनुसार होगी, परंतु प्रत्येक वित्तीय वर्ष में कम से कम एक बैठक अवश्य होगी।

(4) नामित सदस्य 3 वर्ष से अधिक अपने पद पर नहीं रहेंगे।

(5) कार्यकारिणी का कोई सदस्य अपनी कार्यावधि के दौरान निधि का लाभार्थी नहीं होना चाहिए।

(6) मनोनीत गेर–आधिकारिक सदस्य कार्यकारिणी की बैठकों में हिस्सा लेने के लिए राज्य सरकार के समूह 'क' अधिकारी के समान यात्रा भत्ता और महंगाई भत्ता पाने के हकदार होंगे।

(7) उपनियम (2) के खंड (ख) और (ग) के अंतर्गत नामित कार्यकारिणी का कोई सदस्य –

(क) किसी ऐसे अपराध का दोषी नहीं होना चाहिए, या नहीं रहा हो, जो राज्य सरकार की राय में नैतिक भ्रष्टाचार के अंतर्गत आता हो; अथवा

(ख) दिवालिया न हो अथवा किसी समय दिवालिया न रहा हो, न्यायालय द्वारा दिवालिया घोषित न किया गया हो।

54. **राज्य निधि का उपयोग** – (1) राज्य निधि का उपयोग निम्नांकित प्रयोजनों के लिए किया जाएगा, अर्थात् :–

(क) ऐसे क्षेत्रों के लिए वित्तीय सहायता, जो राज्य सरकार की किसी स्कीम और कार्यक्रम के अंतर्गत विशेष रूप से कवर न हुए हों;

(ख) निधि के प्रशासनिक और अन्य व्यय, जो अधिनियम के अंतर्गत खर्च किए जाने अपेक्षित हों; और

(ग) अन्य ऐसे प्रयोजन, जो कार्यकारिणी द्वारा तय किए गए हों।

(2) व्यय का प्रत्येक प्रस्ताव अनुमोदनार्थ कार्यकारिणी के समक्ष रखा जाएगा।

(3) कार्यकारिणी जरूरत अनुसार राज्य निधि के प्रबंधन एवं उपयोग की देखरेख के लिए, ऐसी कार्यशर्तों के अधीन, जो वह उपयुक्त समझती हो, लेखाकारों सहित लिपिकीय स्टाफ नियुक्त कर सकती है।

(4) राज्य निधि को कार्यकारिणी द्वारा किए गए निर्णय के अनुसार निवेश किया जाएगा।

55. **बजट** – राज्य निधि का मुख्य कार्यकारी अधिकारी हर वर्ष जनवरी में,प्रत्येक वित्तीय वर्ष के दौरान राज्य निधि के तहत व्यय किए जाने हेतु बजट तैयार करेगा, और उसे कार्यकारिणी के विचारार्थ प्रस्तुत करेगा, जिसमें निधि के अंतर्गत अनुमानित प्राप्ति और व्यय दर्शाया जाएगा।

56. **वार्षिक रिपोर्ट** –विकलांगजनों से सम्बद्ध राज्य आयुक्त द्वारा तैयार की गई वार्षिक रिपोर्ट में राज्य निधि के बारे में एक अध्याय शामिल किया जाएगा।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के उपराज्यपाल के नाम से और उनके आदेश द्वारा,

शिल्पा शिन्दे, निदेशक, समाज कल्याण विभाग

फार्म–क

पंजीकरण प्रमाणपत्र के लिए आवेदन

(नियम 22(1) देखें)

(1) आवेदक का नाम और पता ————————————————

(2) किस संस्थान/परियोजना के संदर्भ में आवेदन किया गया :

(क) संस्थान का नाम :————————————————————

(ख) पता और फोन नं. (पंजीकृत कार्यालय) :————————————————————

(ग) परियोजनाकार्यालय का नाम :————————————————————

(घ)परियोजना कार्यालय का पता :————————————————————

(ङ) फोन/फैक्स/टैलेक्स/(कार्यालय)/इमेल आईडी (परियोजना)——————————

3. (i) अधिनियम का नाम, जिसके अंतर्गत संगठन पंजीकृत है :

(ii) पंजीकरण संख्या और पंजीकरण की तारीख (कृपया फोटोप्रति संलग्न करें)

4. संगठन का संगम अनुच्छेद और उपनियम (कृपया फोटो प्रति संलग्न करें)

5. संगठन के प्रबंधन बोर्ड/कार्यकारिणी के सदस्यों के नाम, पते, व्यवसाय और अन्य ब्यौरा।

6. संगठन की वर्तमान गतिविधियां

7. संगठन की वर्तमान सदस्य संख्या और वर्गीकरण। संलग्न किए जाने वाले दस्तावेज की सूची।

(क) पिछले 3 वर्षों के लिए वार्षिक रिपोर्टों की एक प्रति।

(ख) पिछले 3 वर्षों के लिए सनदी लेखाकार द्वारा प्रमाणित लेखा परीक्षा विवरण

(i) प्राप्ति और भुगतान खाता (पिछले 3 वर्षों के लिए सनदी लेखकार द्वारा तैयार किया गया)

(ii) आय और व्यय खाता (पिछले 3 वर्षों के लिए सनदी लेखाकार द्वारा तैयार किया गया)

(iii) तुलनपत्रक (पिछले 3 वर्षों के लिए सनदी लेखाकार द्वारा तैयार किया गया)

8. संस्थान में कार्यरत स्टाफ का ब्यौरा निम्नांकित प्रारूप में –

नाम	पुरुष/महिला	आयु	शैक्षिक योग्यता	पता	संपर्क विवरण	दायित्व	वेतन	आरसीआई पंजीकरण संख्या (आरसीआई प्रमाणपत्र की प्रति संलग्न करें)

नोट : विदेशी स्वयंसेवकों के मामले में पुलिस के जरिए मूल देश अथवा जन्म से पहचान और आपराधिक रिकॉर्ड की जांच अनिवार्य है।

9. संस्थान द्वारा कवर किए गए/प्रस्तावित लाभार्थियों का ब्यौरा तथा विकलांगता का स्वरूप निम्नांकित प्रारूप में :

क्र सं	नाम	पिता का नाम	पुरुष/महिला	आयु	पता	संपर्क विवरण	विकलांगता का प्रकार

10. यदि छात्रावास संचालित है तो छात्रावास में रहने वाले सदस्यों की संख्या :
11. क्या संस्थान स्वयं के/किराए के भवन में स्थित है (समुचित साक्ष्य संलग्न करें) :
12. विकलांगजनों के लिए बाधामुक्त वातावरण का ब्यौरा :
13. संगठन का स्वरूप (कृपया इस बात का सही सही ब्यौरा दें कि संस्थान दृष्टिबाधित/मूक एवं बधिर/अस्थि विकलांग/मानसिक बाधित व्यक्तियों, आदि के लिए एक शैक्षिक या प्रशिक्षण या आवासीय अथवा कार्यशाला है)।

आवेदक के हस्ताक्षर

नाम
पदनाम
पता
तारीख
कार्यालय की मुहर

फार्म–ख

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार

समाज कल्याण विभाग, राजकीय लेडी नोएस स्कूल कॉम्प्लैक्स,

दिल्ली गेट, नई दिल्ली – 110002

पंजीकरण प्रमाणपत्र

(दिल्ली विकलांगजन अधिकार नियम, 2018 के नियम 22(8)(क) के प्रावधान के अंतर्गत जारी)

पंजीकरण संख्या ..... **दिनांक :**

प्रमाणित किया जाता है कि ..... (स्वैच्छिक संगठन का नाम), जो समिति पंजीकरण अधिनियम, 1860/न्यास अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत है, ने विकलांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 21 की उपधारा (2) के अंतर्गत पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी किए जाने संबंधी सभी औपचारिकताएं/प्रक्रियाएं पूरी कर ली हैं।

दिनांक..... को जारी पंजीकरण प्रमाणपत्र दिनांक ..... तक वैध रहेगा।

1. संगठन का नाम और पंजीकृत पता :
2. संगठन की शाखा/परियोजनाओं का नाम और पता :
3. संगठन के प्राधिकृत अधिकारी का पूरा नाम और पता :

यह पंजीकरण प्रमाणपत्र वर्ष ..... के ..... महीने की .....तारीख को समाज कल्याण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के प्राधिकृत हस्ताक्षरी/सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया, जो संगठन के प्राधिकृत प्रतिनिधियों द्वारा इसमें वर्णित कार्यशर्तों के अनुपालन के अधीन है।

पंजीकरण प्रमाणपत्र धारक को इसकी वैधता अवधि समाप्त होने की तारीख से कम से कम 60 दिन पहले पंजीकरण के नवीकरण हेतु आवेदन करना होगा।

सक्षम प्राधिकारी के हस्ताक्षर मुहर सहित

समाज कल्याण विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार

पंजीकरण प्रमाणपत्र की कार्य शर्तें

1. इस पंजीकरण प्रमाणपत्र का धारक संगठन के लाभार्थियों को निम्नांकित सुविधाएं प्रदान करेगा :

   (क) समुचित सुगम आवास और सुगम स्वच्छता सुविधाएं

   (ख) समुचित चिकित्सा देखभाल और उपचार

   (ग) मनोरंजन की सुविधाएं

   (घ) शैक्षिक और व्यावसायिक या कौशल परीक्षण

2. लड़कियों के लिए आवासीय परिसर, यदि कोई हों, तो वे लड़कों के आवासीय परिसर से पृथक होंगे।

3. इस पंजीकरण प्रमाणपत्र का धारक स्वयं के अथवा अन्य के किसी निजी प्रयोजन के लिए संगठन के किसी लाभार्थी को नियोजित नहीं करेगा अथवा किसी अन्य को नियोजित करने की अनुमति नहीं देगा।

4. प्रभारी/परियोजना प्रबंधक एक आगंतुक पुस्तिका रखेगा, जिसमें संगठन का निरीक्षण करने वाले सक्षम प्राधिकारी या उसके द्वारा प्राधिकृत व्यक्तियों का रिकॉर्ड होगा। प्रभारी/परियोजना प्रबंधक उक्त पुस्तिका में दर्ज होने वाली टिप्पणियों की एक प्रति, तत्संबंधी अनुपालन रिपोर्ट के साथ सम्बद्ध यात्रा की तारीख से सात दिन के भीतर सक्षम प्राधिकारी को देगा।

5. पंजीकरण प्रमाणपत्र धारक विकलांगजन अधिकार अधिनियम 2016 के प्रावधानों के अनुसार सक्षम प्राधिकारी या उसके द्वारा प्राधिकृत व्यक्ति की जांच कार्य में सहायता करेगा।

6. प्रमाणपत्र प्रभारी अधिकारी/परियोजना प्रबंधक के कार्यालय में आमतौर पर स्पष्ट दिखने वाले स्थानों पर प्रदर्शित किया जाएगा।

7. कार्यालय पदाधिकारियों में कोई बदलाव होने पर उसकी जानकारी तत्काल सक्षम प्राधिकारी और सम्बद्ध जिला सामाजिक कल्याण अधिकारी को दी जाएगी।

8. पंजीकरण प्रमाणपत्र धारक यह सुनिश्चित करेगा कि इस प्रमाणपत्र का विकलांगजन अधिकार अधिनियम 2016 की धारा 6 और 7 के अनुसार कोई दुरुपयोग, उल्लंघन और शोषण नहीं किया जाना चाहिए।

